आवश्यक

संख्या:34/2022/545/1514233/12-2010/17/2021

प्रेषक,

डा0 देवेश चतुर्वेदी,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी,
लखीमपुर/बलरामपुर/बुलन्दशहर/गाजियाबाद/झाँसी/अलीगढ़/महराजगंज/श्रावस्ती/
देवरिया/चन्दौली/फिरोजाबाद/रायबरेली/बदायूँ/औरेया/वाराणसी/बलिया/कानपुर नगर/
अम्बेडकरनगर/कासगंज/चित्रकूट/संतकबीरनगर/शाहजहाँपुर/अमेठी/आगरा/जालौन/
प्रतापगढ़/लखनऊ/फर्रूखाबाद/गाजीपुर/कन्नौज/आजमगढ़/हमीरपुर/हरदोई/सीतापुर/
सुल्तानपुर/बरेली/बाराबंकी/मिर्जापुर/भदोही/गोण्डा/ललितपुर/इटावा/सहारनपुर/कानपुर
देहात/प्रयागराज/उन्नाव एवं फतेहपुर।

कृषि अनुभाग-2 लखनऊ: दिनॉक: 02 मई, 2022

विषय: भारत सरकार के एस.एम.एस.पी. के घटक क्रिएशन ऑफ सीड इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसीलिटीज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर बीज भण्डारण गोदाम एवं बीज विधायन संयंत्र स्थापना हेतु चयनित कृषक उत्पादक संगठनों को गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन हेतु जनपद स्तर पर बैंकर्स के साथ समन्वय स्थापित किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि भारत सरकार के एस.एम.एस.पी. के घटक क्रिएशन ऑफ सीड इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसीलिटीज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर बीज भण्डारण गोदाम एवं बीज विधायन संयंत्र स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश में संचालित दृष्टि योजनान्तर्गत प्रदेश के 47 जनपदों में 100 कृषक उत्पादक संगठनों का चयन किया गया है।

2. चयनित कृषक उत्पादक संगठनों को भारत सरकार द्वारा रू. 60.00 लाख का शतप्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया गया है, जिसके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर एक टन प्रति घन्टा क्षमता के बीज विधायन संयंत्र की स्थापना एवं 500 मी. टन क्षमता के बीज भण्डारण गोदाम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें से लगभग 76 संयंत्र स्थापित हो चुके हैं एवं 24 संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। चयनित कृषक उत्पादक संगठन द्वारा अपने कृषक सदस्यों के माध्यम से बीज उत्पादन कराया जाएगा एवं उत्पादित बीज का विधायन स्थापित संयंत्र के द्वारा करके उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त बीज स्थानीय कृषकों को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रदेश के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी एवं कृषक आत्म-निर्भर होंगे।

3. उल्लेखनीय है कि कृषक उत्पादक संगठनों को बीज उत्पादन, विधायन एवं विपणन के कार्य को सुचारू-रूप से संचालित किए जाने हेतु कार्यशील पूंजी की आवश्यकता है। यह संज्ञान में लागया गया है कि बैंकों से कतिपय कृषक उत्पादक संगठनों को कार्यशील पूंजी हेतु ऋण के उपलब्ध न कराए जाने के कारण जनपद स्तर पर गुणावत्तायुक्त बीज की उपलब्धता एवं कृषकों को आत्म-निर्भर बनाए जाने के उद्देश्य की पूर्ति सम्भव नहीं हो पा रही है। कार्यशील पूंजी हेतु बैंकों से ऋण के अभाव में

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

भारत सरकार के शतप्रतिशत वित्तीय सहयोग से स्थापित इन संयंत्रों को वांछित लाभ स्थानीय स्तर पर प्राप्त नहीं हो सकेगा।

4. अतएव, दृष्टि योजनान्तर्गत चयनित कृषक उत्पादक संगठनों को कार्यशील पूंजी/ऋण उपलब्ध कराने हेतु जनपद स्तर पर बैंकर्स के साथ बैठक आयोजित कराते हुए आवश्यक समन्वय करने का कष्ट करें। साथ ही गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन/विधायन/विपणन एवं अनाज क्रय केन्द्रों के संचालन हेतु संबंधित विभागों यथा उत्तर प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, कृषि विपणन विभाग, राज्य कृषि उत्पादन मण्डी समिति तथा खाद्य एवं रसद विभाग आदि के जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ भी समन्वय स्थापित कराना सुनिश्चित करें, जिससे यह संयत्र अपने उदेश्यों की पूर्ति कर सके।

संलग्नक: सूची।

भवदीय,

( डा0 देवेश चतुर्वेदी )
अपर मुख्य सचिव।

संख्या:34/2022/545/1514233(1)/12-2010/17/2021 तददिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
2. आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, गोमती नगर, लखनऊ।
4. कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. निदेशक, उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्था, राजकीय उद्यान परिसर, आलमबाग, लखनऊ।
7. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, फैजाबाद रोड, महानगर, लखनऊ।
8. प्रबंधक, राज्य अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ।
9. संबंधित जनपदीय उप कृषि निदेशक, उत्तर प्रदेश।
10. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

( राधेश्याम )
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक दृष्टि योजनान्तर्गत चयनित कृषक उत्पादक संगठनों की सूची

| क्रम संख्या | जनपद का नाम | एफ.पी.ओ. का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | लखीमपुर खीरी | तथास्तु फार्मर प्रा. क0 लि0 |
| 2 | बलरामपुर | बलरामपुर जोन सीड की प्रो. कं0 लि0 |
| 3 | बुलन्दशहर | समक बायो इनर्जी प्रा0 के0 लि0 |
| 4 | गाजियाबाद | इन्विक्टिस फार्मर प्रा0 के0 लि0 |
| 5 | झाँसी | सफल किसान प्रा0 के0 लि0 |
| 6 | अलीगढ़ | कमोलिका फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 7 | महराजगंज | लहरा एग्रो प्रा0 कं0 लि0 |
| 8 | श्रावस्ती | एम.एल. विकास एग्रो प्रा0 कं0 लि0 |
| 9 | देवरिया | पूर्वांचल पोल्ट्री प्रा0 कं0 लि0 |
| 10 | चन्दौली | इशानी एग्रो प्रा0 कं0 लि0 |
| 11 | फिरोजाबाद | जसराना किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| 12 | रायबरेली | महात्मने स्पाइसेस प्रा0 कं0 लि0 |
| 13 | बदायूँ | बदायूँ प्रा0 कं0 लि0 |
| 14 | औरैया | औरैया फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 15 | वाराणसी | जया सीड्स प्रा0 कं0 लि0 |
| 16 | बलिया | दिद्यम बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 17 | कानपुर नगर | गुरू कृपा प्रा0 कं0 लि0 |
| 18 | अम्बेडकर नगर | अम्बेडकरनगर एग्रो कृषि विकास प्रा0 कं0 लि0 |
| 19 | कासगंज | मेडीअरोमा एग्रो प्रा0 कं0 लि0 |
| 20 | चित्रकूट | देवबाबा बायो इनर्जी फार्मर्स प्रा0 कं0 लि0 |
| 21 | संतकबीर नगर | शिव मूरत हाई-टेक प्रा0 कं0 लि0 |
| 22 | शाहजहाँपुर | शहीद भूमि बासमती प्रा0 कं0 लि0<br>कृषक मित्र फार्म प्रा0 कं0 लि0 |
| 23 | अमेठी | सचखण्ड कृषि प्रा0 कं0 लि0<br>बेरारा वशिष्ठ नेचुरल फार्मिंग प्रा0 कं0 लि0 |
| 24 | आगरा | दिव्यभूमि एग्री क्राप प्रा0 कं0 लि0<br>अछनेरा फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 25 | जालौन | जालौन बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>गढगुवा एग्रीकल्चर जैव ऊर्जा फार्मर प्रा0 लि0 कं0 |
| 26 | प्रतापगढ़ | विश्वनाथ फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>अन्नगर्भा बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 27 | लखनऊ | निराला हर्बल बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 लि0 कं0 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

| | | |
|---|---|---|
| | | नव ज्योति किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| 28 | फर्रूखाबाद | प्रतीक बायो इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| | | फार्मर्स भू-मित्र प्रा0 कं0 लि0 |
| 29 | गाजीपुर | इनेबल एग्रो फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>शिवांश कृषक प्रा0 कं0 लि0 |
| 30 | कन्नौज | अलीपुर अहाना प्रा0 कं0 लि0 |
| | | हसरेन किसान एग्रो प्रा0 कं0 लि0 |
| 31 | आजमगढ़ | स्वामी रामकृष्ण प्रा0 कं0 लि0<br>आजमगढ एग्रो प्रा0 कं0 लि0 |
| 32 | हमीरपुर | बी.के.डी.एस.एस. किसान प्रा0 कं0 लि0<br>हमीरदेव फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 33 | हरदोई | हरदोई किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| | | इन्दु किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| 34 | सीतापुर | शुक्लाबंधु आर्गेनिक प्रा0 कं0 लि0<br>मिश्रिख एग्रो प्रा0 कं0 लि0<br>आजोन फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 35 | सुल्तानपुर | पीडी एग्रो कृषि प्रा0 कं0 लि0<br>विंध्यवासिनी बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>मानव कल्याण कृषि प्रा. कं. लि. |
| 36 | बरेली | महमूदरपुर जादौन तिलहन उत्पादक संघ प्रा0 कं0 लि0<br>बरेली किसान एग्रो प्रा0 कं0 लि0<br>बरेली आदर्श किसान एग्रोटेक प्रा0 कं0 लि0 |
| 37 | बाराबंकी | राम आसरे एग्रो प्रा0 कं0 लि0<br>उज्जवल किसान प्रा0 कं0 लि0<br>फारमेरो प्रा0 कं0 लि0 |
| 38 | मिर्जापुर | नवचेतना एग्रो सेन्टर प्रा0 कं0 लि0<br>विंध्य सब्जी एवं बीज प्रा0 कं0 लि0<br>विंध्याचल किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| 39 | भदोही | सत्यम किसान प्रा0 कं0 लि0<br>गुरू सिद्धनाथ पुरी प्रा0 कं0 ल0<br>हरियाली किसान समृद्धि प्रा0 कं0 लि0 |
| 40 | गोण्डा | एर्थस्ट फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>औद्योगिक बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>कर्इ बायो इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>डेहरास फार्म डेवलपर बायो-इनर्जी फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

| | | |
|---|---|---|
| 41 | ललितपुर | अमझरा फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>विकास पथ फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>शिप्रा फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>महरौनी जैव ऊर्जा प्रा0 कं0 लि0 |
| 42 | इटावा | अंकुर किसान प्रा0 कं0 लि0<br>पांचाली किसान प्रा0 कं0 लि0<br>किसान ख्याति प्रा0 कं0 लि0<br>गायत्री किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| 43 | सहारनपुर | डाइवर्सीफिकेशन एग्रीकल्चर प्रा0 कं0 लि0<br>बटार किसान भारती प्रा0 कं0 लि0<br>सघर्ष बायो इनर्जी प्रा0 कं0 लि0<br>न्यू एग्री बायो-इनर्जी प्रा0 कं0 लि0<br>अनाग्राम डे0 एवं फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 44 | कानपुर देहात | रसूलाबाद भूमित्र प्रा0 कं0 लि0<br>कबीर भूमित्र प्रा0 कं0 लि0<br>धर्मगढ बाबा किसान प्रा0 कं0 लि0<br>कृषक विकास प्रा0 कं0 लि0<br>भू-देव किसान प्रा0 कं0 लि0 |
| 45 | प्रयागराज | कमल किसान प्रा0 कं0 लि0<br>त्रिवेणी समृद्धि प्रा0 कं0 लि0<br>प्रभा समृद्धि प्रा0 कं0 लि0<br>प्रयाग समृद्धि प्रा0 कं0 लि0<br>संगम समृद्धि प्रा0 कं0 लि0 |
| 46 | उन्नाव | अनमोल एग्री मार्केटिंग प्रा0 कं0 लि0<br>शिवाजी फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>औरस फार्म प्रा0 कं0 लि0<br>माधव किसान प्रा0 कं0 लि0<br>उन्नाव फार्मर प्रा0 कं0 लि0 |
| 47 | फतेहपुर | खेत किसान प्रा0 कं0 लि0<br>प्रगतिशील कृषक प्रा0 कं0 लि0<br>उत्कर्ष किसान प्रा0 कं0 लि0<br>फतेहपुर फार्मर प्रा0 कं0 लि0<br>कसरूवा किसान प्रा0 कं0 लि0 |

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।